शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा द्वारा संचालित
पैरामेडिकल पाठ्यक्रम
लव कुश नगर मुंदी रोड, खण्डवा (म.प्र.) 450001, दूरभाष – 0733–2245000
E-Mail: paramedicalgmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org

क्रमांक / ..98. / पैरामेडिकल / शा.चि.म. / 2021 खण्डवा, दिनांक : 26 / 02 / 2021

आवश्यक सूचना

शैक्षणिक सत्र 2020–21 में पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में अतिरिक्त चरण एवं माप–अप राउंड की काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु सूचना

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा द्वारा संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक / 68 / पैरामेडिकल / शा.चि.म. / 2021 खण्डवा, दिनांक 17 / 02 / 2021 अनुसार विभिन्न पैरामेडिकल डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रमों में प्रथम चरण एवं माप–अप राउंड की काउंसलिंग उपरांत रिक्त 18 सीटों पर अतिरिक्त चरण एवं माप–अप राउंड मे प्रवेश हेतु **दिनांक 26 / 02 / 2021 से 05 / 03 / 2021** (कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजें से अपरान्ह 5:00 बजें) तक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मय आवेदन शुल्क के साथ आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त आवेदनों की मेरिट लिस्ट के अनुसार **दिनांक 16 एवं 17 मार्च 2021** को पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रदान किये जा सकेंगे।

प्रथम चरण एवं माप–अप राउंड के पश्चात् रिक्त सीटों की जानकारी निम्नानुसार है :–

S.No.	Name of Course	Duration of Course	UR	ST	SC	OBC	EWS	Total available seats
		Diploma Course						
1	Diploma in Medical Laboratory Technician	2 Years	2	1	3	0	0	06
3	Paramedical Ophthalmic Assistant	2 Years	1	0	0	0	0	01
		Certificate Course						
1	Certificate in Ortho. Technician	1 Year	2	1	1	1	1	06
2	Certificate in O.T. Technician	1 Year	2	1	0	1	1	05
Total Seats			7	3	4	2	2	18

आवेदन पत्र चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा की वेबसाइट www.gmckhandwa.org पर उपलब्ध कराया जा रहा है एवं अधिष्ठाता कार्यालय, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा से भी प्राप्त किया जा सकता है।

नोटः– 1. ऐसे इच्छुक प्रवेशार्थी जो सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु पूर्व में आवेदन प्रस्तुत कर चुके है, किन्तु किन्ही कारणों से अभी तक किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नही लिया है, उन्हे पृथक से आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही है, उन्हे उक्त काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने सम्बन्धी सुचना लिखित रूप से अपने पुराने मेरिट क्रमांक के साथ संस्था को दिनांक 05 / 03 / 2021 से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2. अतिरिक्त चरण एवं माप–अप राउंड की मेरिट लिस्ट का प्रकाशन वेबसाइट www.gmckhandwa.org/ महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 10 / 03 / 2021 को किया जावेगा।

पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश

1. प्रवेश हेतु सीटों के आवंटन में मध्यप्रदेश राज्य शासन के आरक्षण सम्बन्धी नियमों का प्रावधान है।
2. काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु दर्शायी गयी नियम तिथि एवं समय पर सम्बन्धित आवेदक को समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं पाठ्यक्रम अनुसार निर्धारित शुल्क के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है, आवेदकों को पृथक से कोई कॉल लेटर / सुचना जारी नहीं की जावेगी।
3. काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा की वेबसाइट **www.gmckhandwa.org** पर जारी प्रवेश विवरणिका 2020–21 के नियम निर्देशों एवं शुल्क विवरण का अवलोकन कर लेवे एवं उक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। प्रवेश के दौरान आवश्यक दस्तावेज / शुल्क जमा न करवा पाने पर पाठ्यक्रमों में प्रवेश नही दिया जा सकेगा एवं सीट मेरिट लिस्ट अनुसार आगामी आवेदक को आवंटित कर दी जावेगी।

निरंतर 2

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा द्वारा संचालित
पैरामेडिकल पाठ्यक्रम
लव कुश नगर मुंदी रोड, खण्डवा (म.प्र.) 450001, दूरभाष – 0733–2245000
E-Mail: paramedicalgmckhandwa@gmail.com, Website: www.gmckhandwa.org

4. पाठ्यक्रमों मे रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर काउंसलिंग में सम्मिलित होना अनिवार्य है विलम्ब से उपस्थित होने की दशा में आवेदक का वरीयता सूची सम्बन्धी दावा निरस्त माना जा सकता है एवं उन्हे तत्समय उपलब्ध/रिक्त सीटों में से ही प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जा सकेगा।

5. काउंसंलिग एवं प्रवेश से संबंधित अन्य समस्त नियम एवं शर्तें पूर्व से वेबसाइट पर उपलब्ध विवरणिका एवं प्रवेश नियम अनुसार ही रहेंगे।

नोटः– 1. काउंसलिंग तिथि/समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना वेबसाइट **www.gmckhandwa.org** एवं संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जावेगी, उक्तानुसार अवलोकन करते रहें।

2. प्रवेश संबंधी नियमों मे किसी भी प्रकार के परिवर्तन के समस्त अधिकार, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा के पास सुरक्षित रहेंगे।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)